**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3160**

06 दिसम्बर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

**वस्त्र निर्माताओं की सुरक्षा**

**3160. श्रीमती संगीता आजाद:**

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि असम में कुछ असामाजिक तत्व उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में मुबारकपुर, जो हथकरघा क्षेत्र में अग्रणी क्षेत्र है, में निर्मित कपड़े की बिक्री पर प्रतिबंध लगा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो असंवैधनिक गतिविधियों में शामिल असामाजिक तत्वों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) क्या उक्त क्षेत्र के बुनकरों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार का असम सहित अन्य राज्यों में उनके हथकरघा उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने का विचार है?

**उत्तर**

**वस्त्र मंत्री**

**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

**(क):** असम सरकार से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार स्यालकुची, असम के कुछ संगठनों ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी, मुबारकपुर और आज़मगढ़ में बने शहतूत सिल्क असमिया मेखला-चादर जोड़े की बिक्री पर रोक लगाने पर जोर दिया है, जहां स्थानीय व्यापारियों द्वारा कुछ आदेश दिए जाते हैं।

**(ख):** हथकरघा और वस्त्र निदेशालय, असम सरकार ने इसे व्यापार प्रतिद्वंद्विता का मामला बताया है और इस मामले को जागरूकता अभियान चलाकर और नागरिक प्रशासन को शामिल करके शांत कराया है।

**(ग):** भारत सरकार राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के एक संघटक, हथकरघा विपणन सहायता (एचएमए) के तहत असम राज्य सहित पूरे देश में विपणन सुविधाएं प्रदान कर रही है। वर्ष 2016-17 से देशभर के बुनकरों को अपने उत्पादों को बेचने में मदद करने के लिए विभिन्न राज्यों में कुल 678 हथकरघा विपणन कार्यक्रम/एक्सपो आयोजित किए गए हैं।

*****